Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006
Participants : Yadav Shri Anirudh Prasad (Sadhu)

an>

Title : Need to ban sponsored programmes showing criminal activities on various TV Channels.

श्री अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज) : सभापति महोदय, भारत में टेलिविजन एक ऐसा माध्यम है, जिससे सारे जहां की वार्ताएं मनोवेग रुप से दुनिया के कोने-कोने में पहुंच जाती हैं। यह एक ऐसा माध्यम है जिससे आम जनता का मनोरंजन सीमित शुल्क में हो जाता है। इसके द्वारा कई तरह के विाय विज्ञान की जानकारी घर बैठे प्राप्त हो जाती है। टेलिविजन इंडस्ट्री का यह अति प्रशंसनीय कार्य है।

परन्तु कुछ वर्ों से टेलिविजन इंडस्ट्री के प्रायोजित कार्यक्रमों में तेजी से परिवर्तन आया है। जैसे कि लोगों के सामने समाज में घटी घटनाओं का चित्ररुपांतर करके छोटे परदे पर यथा घटित दिखाना बहुत ही असमंजसपूर्ण है। प्रायोजित कार्यक्रमों से पैसे कमाने का लक्ष्य बनाकर कई टेलिविजन चैनल घटनाओं का नाटकीय रुपांकर कर उन्हें घर-घर तक पहुंचाते हैं और जिन लोगों का अपराध की दुनिया और अपराधों से परिचय नहीं है, उन्हें अपराध कैसे किया जा सकता है और अपराध करने के बाद साक्ष्य मिटाने के क्या तरीके हो सकते हैं, इन सब विायों से लोगों का पूर्ण परिचय कराया जा रहा है। कुछ चैनलों द्वारा तंत्र और मंत्र शास्त्रों का गलत प्रचार करके लोगों में अंधविश्वास पैदा किया जा रहा है तथा उनके प्रति लोगों में आकर्ाण पैदा किया जा रहा है।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि सरकार को शीघ्रातिशीघ्र ऐसे प्रायोजित कार्यक्रमों को टेलिविजन पर दिखाने पर तुरंत प्रतिबंध लगा देना चाहिए। धन्यवाद।